हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

11 छात्राओं की संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया



12 नियमों की अवहेलना पर दो स्कूल वाहनों के चालान



## खबर संक्षेप

### समाधि स्थल से नोटों की माला व गुप्तदान चोरी

**गन्नौर।** खुबड़ू स्थित बाबा आत्मदास के समाधी स्थल से चोर हजारों रुपयों की माला व झोली में रखा गुप्तदान चोरी कर ले गए। डेरा सेवक ने चोरी की शिकायत खुबड़ू झाल पुलिस चौकी में दी। शिकायत में ध्याननाथ ने बताया कि वह सोमवार की दोपहर को बाबा आत्मदास की समाधि पर सफाई करने गया था। समाधि के पास से गुप्तदान की झोली व बाबा की समाधी से रुपयों की माला गायब थी। शिकायत पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पांच हजार रुपये का इनामी गिरफ्तार

**गन्नौर।** गन्नौर एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि 2022 में एक महिला ने गन्नौर थाना में शिकायत दी थी कि लक्की ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। आरोपित ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी और उसे जातिसूचक शब्द भी कहे थे। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपित लक्की फरार चल रहा था। पुलिस प्रशासन की तरफ से आरोपित पर पांच हजार रुपये का इनाम भी रखा था। अब पुलिस ने आरोपित लक्की को गिरफ्तार कर लिया है।

### बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे

**सोनीपत।** हनुमान नगर निवासी अनिल ने पुलिस से शिकायत देकर बताया कि गत 8 अप्रैल को बाइक को दुकान के पास साइड में खड़ी कर दी। किसी ने उसकी मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया। बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### ढाबे से नकदी चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** झिलमिल ढाबा निवासी मंजीत ने 8 अप्रैल को शिकायत देकर बताया था कि उसके पास पांच व्यक्ति काम करते थे। जिनका नाम दलीप, प्रदीप, अंकित, ओमकार व विनोद है। रात को ढाबा झिलमिल व प्राइम रोज होटल का दोनों का कैश 9 लाख 80 हजार चोरी करके भाग गए। दोनों स्थानों पर सात से आठ दिन का कैश था। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। उप निरीक्षक विजयपाल ने बताया कि उनकी टीम ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।मुरथल थाना पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।

### युवक की हत्या का आरोपी काबू, रिमांड पर भेजा

**सोनीपत।** शास्त्री नगर दिल्ली निवासी जगतार ने गत 18 नंवबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि 13 नवंबर 2019 को उसका छोटा बेटा गगनदीप करीब 3 बजे घर से जालधंर पंजाब से अपनी वीजा संबंधित कार्य को लेकर घर से निकला था। अगले दिन उन्हें सूचना मिली कि गगनदीप का शव लावारिस हालत में बढ़खालसा के पास पड़ा हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने इस संबंध में तीन आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल चौथे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अदालत से आरोपित को रिमांड पर भेजने की अपील की। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## सेक्टर 23 के रहने वाले अभिमन्यु मलिक ने हासिल किया 60वां रैंक

# यूपीएससी परीक्षा : 5 होनहारों ने हासिल की सफलता, चार जिले के तो एक पानीपत से

- गन्नौर से आकाशदीप ने 166 वां तो निशु त्यागी ने 752 वां रैंक कब्जाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी की परीक्षा का परिणाम जारी किया है। जिसमें जिले के तीन व 1 मूलरूप से पानीपत के लेकिन फिलहाल सोनीपत के निवासी होनहारों ने सफलता हासिल कर अपने सपनों को उड़ान दी है। इनमें से सबसे अच्छा रैंक सेक्टर 23 के रहने वाले अभिमन्यु मलिक का है, उन्होंने देशभर में 60वां रैंक प्राप्त किया है। वे दिल्ली के कक्कड़नुमा क्षेत्र में एसडीएम के प्रशिक्षण ले रहे हैं। वहीं गन्नौर के रहने वाले आकाशदीप ने 166वां रैंक हासिल करते हुए अपना सपना पूरा किया है। जिले में तीसरी नंबर पर मोतीलाल नेहरू खेलकूद विश्वविद्यालय, राई के कुलपति एवं उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी अशोक गर्ग की लाडली कुहू गर्ग रही। कुहू ने 178वां रैंक हासिल किया है। इसके अलावा गांव शाहपुर की निशु त्यागी ने 752वां रैंक हासिल किया है। इन होनहारों में से अभिमन्यु मलिक का यह आखिरी प्रयास था। आकाशदीप का यह पांचवां और निशु त्यागी का चौथा प्रयास था। कुहू गर्ग मूल रूप से पानीपत की रहने वाली है। अपने लाडलों की उपलब्धि पर परिवारों में खुशी की लहर छाई हुई है।



सोनीपत। यूपीएससी पास करने वाले अभिमन्यु मलिक को मिठाई खिलाते परिजन।

### आखिरी प्रयास में बने आईएएस अभिमन्यु

मूलरूप से सोनीपत के गांव माहरा फिलहाल सेक्टर-23 निवासी अभिमन्यु मलिक ने देशभर में 60वां रैंक हासिल किया है। अभिमन्यु मलिक फिलहाल दिल्ली के कक्कड़नुमा क्षेत्र में एसडीएम का प्रशिक्षण ले रहे हैं। दो बहन-भाईयों में छोटे अभिमन्यु बचपन से ही बेहद शांत स्वभाव के हैं। उन्हें गायिकी व पढ़ाई का बचपन से ही शौक रहा है।

बिजली निगम के सहायक एक्सईएन के पद से सेवानिवृत्त पिता रणबीर मलिक ने बताया कि 45 साल पहले परिवार सोनीपत सेक्टर-23 में आकर रहने लगा था। अभिमन्यु ने अपनी 10वीं कक्षा शहर के लिटल एंजल्स स्कूल और 12वीं की पढ़ाई जानकीदास कपूर स्कूल से की।

वर्ष 2014 में वाईएमसीए फरीदाबाद से बीटेक किया। उसके बाद वर्ष 2016 में नाबार्ड के रोहतक क्लस्टर में सहायक महाप्रबंधक के पद पर तैनात हुए। फिलहाल दिल्ली में एसडीएम का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### आकाशदीप ने पाया 166वां रैंक



**गन्नौर।** गन्नौर शास्त्री नगर के आकाशदीप ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने में कामयाबी हासिल की है। आकाशदीप ने परीक्षा में 166वां रैंक हासिल किया है। जिससे उनके परिवार में खुशी का माहौल है। आकाशदीन ने पांचवे प्रयास में सफलता हासिल की है। आकाशदीप का जन्म 5 मार्च 1997 को हुआ, मां ममता, पिता सुशील कुमार, अलख निकेतन शास्त्री नगर, गन्नौर जिला सोनीपत के रहने वाले हैं। आकाशदीप की 10वीं, 12वीं की पढाई शहर के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई। इसके बाद बीटेक आईआईटी मंडी हिमाचल प्रदेश से की। जिसके बाद आकाशदीप की भारत पेट्रोलियम में बतौर आपरेशन आफिसर के रुप में नियुक्ति हुई, लेकिन चार महीने के बाद स्वेच्छा से नौकरी छोड़ दी और संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी में लग गया। मेहनत रंग लेकर आई और पूरे भारत में 166वां रैंक प्राप्त किया है। आकाशदीप की सफलता से शहर में भी खुशी का माहौल है। आकाशदीप के माता व पिता को बधाई देने वालों को तांता लगा हुआ है। आकाशदीप ने बताया कि सबसे पहले उन्होंने सीखने पर ध्यान दिया। दूसरा माता-पिता का मार्गदर्शन उनके लिए महत्वपूर्ण रहा और तीसरी बात आत्म निरीक्षण की क्षमता पैदा कर खुद के साथ न्याय करने का प्रयास किया। खुद की गलतियों को स्वीकार किया और उसमें सुधार कर गलती को फिर नहीं दोहराया। आकाशदीप ने बताया कि सफलता मिलने के बाद दिमाग से तनाव का दबाव कम हो गया और रिलेक्स हुआ है।

### कुहू गर्ग ने पाया 178वां रैंक

मोतीलाल नेहरू खेलकूद विश्वविद्यालय, राई के कुलपति, उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी एवं मूल रूप से पानीपत के रहने वाले अशोक गर्ग की बेटी कुहू गर्ग ने यूपीएससी परीक्षा में देशभर में 178वां रैंक हासिल किया है। कुहू बैंडमिंटन की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी रह चुकी हैं और उनके नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 17 पदक हैं। अपने पिता अशोक गर्ग सेवानिवृत आईपीएस के नक्शे कदम पर चलते हुए कुहू गर्ग ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल की है। उनकी इस सफलता से उनके में खुशी का माहौल है। कुहू इस सफलता से पहले खेल



मैदान में भी कामयाबी के झंडे गाड़ती रही है। उन्होंने विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। खेल के दौरान घुटने में लगी चोट के कारण कुहू को सर्जरी से गुजरना पड़ा। इसके बाद कुहू ने यूपीएससी की परीक्षा तैयारी की और सफलता हासिल की। खेलकूद विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक गर्ग पानीपत के गांव कुराना के निवासी हैं। उत्तराखंड के डीजीपी पद पर रहते हुए उन्होंने साइबर क्राइम को काबू करने के क्षेत्र में विशेष कार्य किया। उन्होंने इस विषय पर पुस्तक भी लिखी। सिविल सर्विस के क्षेत्र में आने का फैसला उन्होंने कैसे किया, इस सवाल के जवाब में कुहू ने कहा कि इसके लिए उन्हें अपने पिता से प्रेरणा मिली। परीक्षा की तैयारी में भी उन्होंने मार्ग दर्शन किया।

### मुद्रा रहेजा ने हासिल किया 413वां रैंक

**सोनीपत।** जीवन नगर निवासी मुद्रा रहेजा ने यूपीएससी की परीक्षा में देश भर में 413वां रैंक हासिल किया है। उन्होंने पिछले साल हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा में छठा रैंक हासिल कर परिवार का नाम रोशन किया था। उसके बाद उत्तर प्रदेश सिविल सेवा परीक्षा में भी सफलता हासिल की। मुद्रा को एचपीएस मिला है और वह फिलहाल मधुबन पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण पर हैं। मुद्रा के व्यवसायी पिता राजेश रहेजा और मां ममता लाडली की सफलता पर बेहद खुश हैं। मुद्रा ने



कहा कि उन्हें और बेहतर की उम्मीद थी।पिता राजेश रहेजा ने बताया कि मुद्रा ने प्रारंभिक परीक्षा हिंदू विद्यापीठ से की। उसके बाद स्नातक की पढ़ाई सेंट स्टीफन कॉलेज दिल्ली से की। स्नातक करते समय ही उन्होंने यूपीएससी करने की सोच ली थी। स्नातक के बाद उन्होंने यूपीएससी की तैयारी भी शुरू कर दी थी। यूपीएससी का यह उनका पहला प्रयास था। इससे पहले एचसीएस के दूसरे प्रयास में छठा रैंक हासिल किया था। उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्होंने कहीं से कोचिंग नहीं ली, सभी विषय पर बराबर फोकस करते हुए सेल्फ स्टडी से ही यह परीक्षा पास की है।

### निशु त्यागी का 752वां रैंक

**गन्नौर।** यूपीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में गांव शाहपुर की निशु त्यागी ने 752वां रैंक हासिल किया है। निशु त्यागी की उपलब्धि पर उनके परिजनों को ग्रामीण व रिशेतदार बधाई देने में लगे हे। निशु त्यागी ने बताया कि उसका शुरू से ही सपना यूपीएसई की परीक्षा पास कर बेहतर रैंक हासिल करने का था। उसने इससे पहले भी तीन बार यूपीएसई की परीक्षा दी। तीसरी बार में वह इंटरव्यू तक पहुंच गई थी, लेकिन फाइनल लिस्ट में नही पहुंच पाई। चौथी बार में उसने 752वां रैंक हासिल किया है। निशु ने बताया कि हाल में वह दिल्ली में रहकर यूपीएसई की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। बुधवार को वह अपने घर पर गांव शाहपुर में आएगी। निशु ने इस सफलता का श्रेय अपने दादा मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन लालमण त्यागी, पिता प्रवीण, माता के अलावा अपने चाचा, ताऊ व अन्य परिजनों को दिया।



# फरमाना मंडी में गेहूं की खरीद हुई बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

फरमाणा के खरीद केंद्र में खरीद नहीं होने को लेकर रविवार से संघर्ष कर रहे किसानों ने मंगलवार को भी बैठक की। इस दौरान किसानों ने कहा कि तीन दिन से उन्हें गुमराह किया जा रहा है, लेकिन अभी तक मंडी में न तो बारदाना पहुंचा है और न ही खरीद शुरू की जा रही है।

किसानों को डर है कि कहीं मौसम का मिजाज बिगड़े और उनकी फसल को नुकसान पहुंचे। ऐसे में उन्हें मजबूरन कड़ा फैसला लेना होगा। किसानों की बैठक के दौरान मौके पर पहुंचे डीएफएससी विंशेल सहरावत ने कहा कि मामले को लेकर आला अधिकारियों की

**किसानों का संघर्ष रंग लाया**

बैठक चल रही है। जल्द ही इस पर फैसला आ जाएगा। ऐसे में किसान उन्हें आज शाम तक का समय दें। शाम तक उनकी समस्या का हल निकल जाएगा। जिसके बाद किसानों ने शाम तक का प्रशासन को समय दिया। शाम को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की तरफ से आदेश जारी करते हुए कहा गया कि फरमाणा के खरीद केंद्र पर पूरे सप्ताह एफसीआई की तरफ से गेहूं की खरीद की जाएगी। किसानों ने तो साइलो पर ही ताला जड़ने की चेतावनी दे डाली थी।

# आईपीएल पर सट्टा लगाते सात गिरफ्तार

- 12 मोबाइल, दो लैपटॉप, एक एलईडी, सेटअप बॉक्स, 5500 रुपये समेत अन्य सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सीआईए की टीम ने कुमासपुर के पास स्थित टीडीआई एस्पेनिया में छापा डालकर आईपीएल मैच पर सट्टा लगवा रहे सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हैदराबाद व बंगलूरू टीमों के मुकाबले पर सट्टा लगा रहे थे। सीआईए की टीम ने आरोपियों से 12 मोबाइल, दो लैपटॉप, एलईडी, सेटअप बॉक्स, 5500 रुपये समेत अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने उनके खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सीआईए-1 में नियुक्त एएसआई सिकंदर ने बहालगढ़ थाना पुलिस को बताया कि वह अपनी टीम में शामिल एएसआई अनिल कुमार, हवलदार अनिल, राजेश, विकास, उमेश व सुधीर के साथ कुमासपुर के पास मौजूद थे। तभी जानकारी मिली कि टीडीआई एस्पानिया में फ्लैट में राजन व प्रवेश उर्फ रोकी नाम के दो युवक साथियों के साथ सट्टा लगवाते हैं। वह आईपीएल में हैदराबाद व बंगलूरू की टीम के बीच क्रिकेट मैच में सट्टा लगा रहे हैं। सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंची तो छठे फ्लोर के फ्लैट नंबर-6 में सट्टा लगाया जा रहा था। आरोपित कमरे के अंदर से स्टोरियो से रेट फिक्स करने को कॉल कर रहे थे। पुलिस ने फ्लैट में रेड की तो सात युवक मिले। वह मोबाइल पर मैच के बारे में जानकारी बता रहे थे। पुलिस ने आरोपितों को पकड़ लिया। उनकी पहचान गांव बारोटा निवासी राजन, न्यू ब्रह्म कॉलोनी निवासी प्रवेश कुमार उर्फ रोकी, राजस्थान के श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ स्थित न्यू ओल्ड कॉलोनी निवासी विपीन अरोड़ा, श्रीगंगानगर के जवाहर नगर स्थित एसएसबी रोड निवासी विरेंद्र, मूलरूप से सूरतगढ़ की आदर्श कॉलोनी फिलहाल सुदामा नगर निवासी वरुण, आदर्श कॉलोनी निवासी लोकेश तथा पंजाब के जिला जालंधर के थाना नकोदर स्थित गांव शकर निवासी देवेंद्र कुमार उर्फ गौरा के रूप में हुई।

पुलिस ने मौके से 12 मोबाइल, दो लैपटॉप, एलईडी, सेटअप बॉक्स, 5500 रुपये, चार्जर, दो कैलकुलेटर, टीवी रिमोट समेत अन्य सामान बरामद किया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को जमानत पर रिहा कर दिया।

# 900 से अधिक शराब की पेटियां की नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

विभिन्न मामलों में खरखौदा क्षेत्र में पकड़ी गई शराब को नष्ट किया गया। खरखौदा थाने में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस की तरफ से बीते दिनों क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए शराब को पकड़ा गया था, जो लंबे समय से पुलिस के कब्जे में थी। जिसे अब नष्ट किया गया है। उक्त कार्रवाई एसीपी जीत बेनीवाल की देखरेख में अंजाम दिया गया। इस दौरान तहसीलदार मनोज कुमार व आबकारी निरीक्षक अमरजीत भी मौजूद रहे। खरखौदा में बीते कुछ समय के दौरान पुलिस की पकड़ में आई शराब को खरखौदा थाने में रखा गया था। जिसे अब न्यायालय के आदेश पर नष्ट करने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। खरखौदा पुलिस स्टेशन में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान एसीपी जीत बेनीवाल मौजूद रहे जिन्होंने अपनी देखरेख में इस पूरी शराब को नष्ट करवाया। उन्होंने बताया कि बीते दिनों जो शराब के जो मामले दर्ज किए गए थे, जिसमें पकड़ में आई शराब को अब नष्ट किया जा रहा है। इससे पहले भी इस प्रकार की कार्रवाई को अंजाम दिया जा चुका है। वहीं अब फिर से पकड़ में आई शराब को नष्ट किया जा रहा है। जिसमें दस मुकदमों की 9 सौ पेटी से ज्यादा शराब है और आगे प्रकार की कार्रवाई को जारी रखा जाएगा।

## पत्रकारवार्ता में संकल्प पत्र को बताया गीता ग्रंथ

# विरोध करने वाले किसान नहीं : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी बताते हुए भाजपा नेताओं ने कहा है कि हर कार्यकर्ता के लिए यह केवल घोषणा पत्र नहीं बल्कि गीता का ग्रंथ है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए संकल्प पत्र समिति के सदस्य राजीव जैन ने संकल्प पत्र की खास बात बताते हुए भाजपा प्रत्याशियों के जगह-जगह हो रहे विरोध पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कुछ जगहों से किसानों द्वारा विरोध किए जाने की बातें कही जा रही हैं, लेकिन वास्तव में जो लोग हो-हल्ला कर रहे हैं, वे किसान



सोनीपत। पत्रकारवार्ता के दौरान मौजूद भाजपा नेता।

यूनियनों, संगठनों के कुछ नेता हैं। ये लोग भी विरोध नहीं कर रहे, बल्कि ज्ञापन आदि देने के लिए पहुंचते हैं। पत्रकारवार्ता में राजीव जैन के साथ जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, ललित बतरा, डा. ओमप्रकाश आत्रेय, नीरज आत्रेय, नवीन मंगला आदि मौजूद रहे। भाजपा नेता ललित बत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में पिछले 196 योजनाएं आमलोगों के लिए लागू की गई हैं, लेकिन किसी भी योजना का नाम मोदी या अन्य किसी भाजपा नेताओं के नाम पर नहीं रखा गया है। जबकि कांग्रेस सरकार में एक ही खानदानया व्यक्ति के नाम पर योजनाओं के नाम रखे जाते थे। भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र अक्षरशः लागू किया जाएगा, क्योंकि यह जन भावनाओं के अनुरूप बनाया गया है।

दूसरे दलों की तरह ड्राइंग रूम में बैठकर संकल्प पत्र तैयार नहीं किया गया है। पार्टी ने महिलाओं, युवाओं, किसानों समेत हर वर्ग का ध्यान रखा है।

# ग्राम सभा में ग्रामीणों को कौशल विकास के बारे में जानकारी दी

- गांव खंदराई में एनएसक्यूएफ ने किया ग्राम सभा व ग्राम चौपाल का आयोजन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

एनएसक्यूएफ के द्वारा गांव खंदराई खंड मुंडलाना सोनीपत में ग्राम सभा व ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य लवल किशोर ने की। ग्राम सभा का उद्देश्य सरकार के द्वारा चलाए गए अभियान की जानकारी प्रत्येक विद्यार्थी व हर ग्रामीण तक पहुंचाना था। इसमें एनएसक्यूएफ के द्वारा निम्न जानकारी ग्राम सभा में साझा की



गोहाना। बच्चों व ग्रामीणों को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

गई। ताकि प्रत्येक बच्चा अपने कौशल का विकास से रोजगारोन्मुखी बन अपने परिवार व समाज को आगे बढ़ा सके। इस कार्यक्रम में स्कूल से शिक्षक राजेश मलिक, राजीव मलिक, जयपाल लाठर एवं कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर गांव के सरपंच जयसिंह ठेकेदार, अमित कुमार, बिल्लू, रामनिवास, सज्जन कुमार व नफे सिंह आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।



# अनुराग की 'थ्रिलर' फिल्म में बॉबी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति भी दे दी।

लाइफ Style



# यामी
## आर्टिकल 370 के लिए माना आभार

यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 60 दिन पूरे कर लिए हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370 सिनेमाघरों में 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमा घरों में धूम मचाकर रखी है। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

हॉलीवुड मसाला



# एक्शन फ्रैंचाइजी से जुड़े फजल

**नई दिल्ली।** अली फजल की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। वह न सिर्फ बड़े पर्दे पर, बल्कि ओटीटी पर भी अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं। अली इंडस्ट्री के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अदाकारी के बूते न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी एक खास जगह बनाई है। पिछली बार हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' में दिखे अली को अब एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल, 'कंधार' को फ्रैंचाइजी का रूप दिया जा रहा है।



# स्कारलेट की एडिटेड तस्वीर हो रही वायरल

**लॉस एंजिलस।** सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर इन दिनों एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें हॉलीवुड अदाकारा स्कारलेट जोहानसन को एक रिक्शा पर बैठे देखा जा सकता है। पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि यह तस्वीर स्कारलेट जोहानसन के दिल्ली दौरे की है। स्कारलेट ने कहा कि वायरल तस्वीर एडिटेड है उन्होंने कहा कि एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के चेहरे पर एडिटिंग टूल्स की मदद से स्कारलेट जोहानसन का चेहरा चिपकाया गया है। बता दें कि फेसबुक यूजर अनिर्बान रॉय ने 4 अप्रैल को वायरल तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है दिल्ली की सड़क पर स्कारलेट जोहानसन।



# मिस्टर एंड मिसेज... देखने एक्साइटेड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर मिस्टर एंड मिसेज माही का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेजमाही 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'देवराः पार्ट-1' देखकर सभी को होगा गर्व

**मुंबई।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म 'देवराः पार्ट 1' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'देवराः भाग 1' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, 'देवारा' दो भागों में प्रदर्शित होगी।

टीवी मसाला



# कन्नप्पा से तेलुगु डेब्यू कर रहे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहे हैं। वे 'कन्नप्पा' नामक तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस नए और रोमांचक वेंचर में, वे बहुमुखी तेलुगु स्टार विष्णु मांचू के साथ काम करेंगे। इतना ही नहीं, फिल्म में प्रभास और मोहनलाल जैसे अन्य बड़े नाम भी शामिल हैं। तेलुगु फिल्म क्षेत्र में कदम रखते हुए, अक्षय का लक्ष्य इस इंडस्ट्री में अपने आकर्षण और प्रतिभा को बिल्कुल नए दर्शकों तक पहुँचाना है। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों के अनुसार, एक्शन से भरपूर इस आगामी महाकाव्य में अक्षय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उनका प्रदर्शन दर्शकों के लिए मनोरम और यादगार होने का वादा करता है, जो निस्संदेह उन पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। अभिनेता एक गहन शूटिंग शेड्यूल के लिए हैदराबाद जा रहे हैं, जिसमें फिल्म के क्लाइमेक्स के एक महत्वपूर्ण हिस्से के साथ ही महत्वपूर्ण सीन्स को कैप्चर करने पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा। निर्माता और प्रमुख अभिनेता विष्णु मांचू कहते हैं, "अक्षय सर के साथ शूटिंग करना वास्तव में किसी रोमांचकारी सफर पर जाने जैसा है। हम फिल्म का क्लाइमेक्स एक साथ शुरू करेंगे। उनके जैसे प्रतिभाशाली अभिनेता का इस प्रोजेक्ट में शामिल होना हमारे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है।

## 'मैडनेस मचाएंगे' में परितोष 'टीआरपी मामा' बन करेंगे सबका मनोरंजन




**नई दिल्ली।** 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में परितोष त्रिपाठी अपने लोकप्रिय किरदार 'टीआरपी मामा' की एक छोटी सी झलक से सभी का दिल जीत लेंगे। उन्होंने कहा कि इससे उनका दिल खुशी से भर जाता है। 'कॉमेडी स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कॉमेडी प्रतिभाओं गौरव मोरे, सृष्टि रोडे, बलराज सयाल और सुगंधा मिश्रा का स्वागत किया जाएगा। शो में परितोष न केवल उनके द्वारा किए जाने वाले नियमित हंसी-मजाक का हिस्सा होंगे, बल्कि मेजबान की भूमिका भी निभाएंगे।

# एड शीरन के गाने 'परफेक्ट' पर थिरकीं टीवी की 'जोधा बेगम'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस परिधि शर्मा ने टीवी सीरियल 'जोधा अकबर' में 'जोधा बाई' की मुख्य भूमिका निभाई थी। इस सीरियल से परिधि शर्मा को घर-घर में लोकप्रियता मिली थी। 'जोधा' बन दर्शकों के दिलों पर छाने के बाद एक्ट्रेस परिधि शर्मा काफी समय तक पर्दे से दूर थीं, हालांकि जब उन्होंने वापसी की, तो वह पहली वाली पॉपुलैरिटी हासिल नहीं कर पाईं। इन दिनों ये एक्ट्रेस एक बार फिर सुर्खियों में छाई हुई हैं, लेकिन इस बार वह अपने किसी सीरियल के चलते नहीं बल्कि अपने एक डांस वीडियो की वजह से खबरों में बनी हुई हैं। बता दें, परिधि शर्मा को 'रुक जाना नहीं', 'ये कहां आ गए हम', 'पटियाला बेब्स' जैसे शोज में दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है।

### ट्रेनर के साथ किया परफेक्ट डांस

परिधि शर्मा ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम



पर एक रील वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्हें अपने डांस ट्रेनर के साथ एड शीरन के ट्रैक 'परफेक्ट' पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस को वीडियो में नियॉन ग्रीन टी-शर्ट और काले रंग के शॉर्ट्स में देखा जा सकता है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस कैप्शन में लिखती हैं, 'डांस रिहर्सल. आपके समर्पण और डांस के प्रति प्यार के लिए शुक्रिया।

### फैंस बोले- प्लीज टीवी पर आ जाइए

फैंस ने परिधि के वीडियो पर खूब प्यार बरसाया। एक्ट्रेस के फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर लिखते हैं, 'क्या खूबसूरत डांसर है। वहीं परिधि शर्मा के एक और फैन पर्दे पर उनकी वापसी को लेकर सवाल करते दिखे। वह लिखते हैं, 'प्लीज टीवी पर वापस आ जाइए। आपको पर्दे पर देखना बहुत अच्छा लगता है।

# मुनव्वर के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज ...



मुंबई। जानेमाने संगीतकार-रैपर बिग बॉस फेम मुनव्वर फारुकी के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज हो गया है। मुनव्वर फारुकी ने 'फर्स्ट कॉपी' नामक एक वेब सीरीज में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की घोषणा की है। मुनव्वर ने सोशल मीडिया पर सीरीज का आधिकारिक टीजर जारी किया। टीजर हमें 1999 में वापस ले जाता है, जब डीवीडी का चलन बहुत बड़ा था। फ़िल्में शुक्रवार को सिनेमाघरों में आती हैं, लेकिन कई लोग आधिकारिक रिलीज़ से पहले गुरुवार को डीवीडी पर फ़िल्म की 'पहली कॉपी' बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। मुनव्वर फारूकी ने कहा कि पिछले कई सालों से, मेरे फैंस हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं और मैंने जो कुछ भी किया है, उसमें मेरा समर्थन किया है। इसलिए, मैं इस साल इस प्रोजेक्ट की घोषणा करके उन्हें एक ख़ास तोहफ़ा देना चाहता था, जहां वे मेरा एक नया पक्ष देखेंगे। मैं इस पर सभी की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूं।

## इन सितारों की भी दरियादिली देखने लायक

# सोनू सूद ही नहीं, ये बॉलीवुड सितारे भी दिल खोलकर करते हैं दान

***मुंबई।*** *बॉलीवुड सितारे भव्य जीवन जीने के लिए पहचाने जाते हैं, लेकिन इनमें कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो इंसानियत नहीं भूलते हैं। नाम, शोहरत और पैसा हासिल करने के बाद भी इन सितारों की दरियादिली देखने लायक होती है। ये सितारे जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस सूची में सोनू सूद से सलमान खान तक का नाम है। आईए, जानते हैं उन सितारों के बारे में, जो दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं।*



### सोनू सूद और सलमान खान

कोरोना महामारी के समय सोनू ने जो किया, उसे कौन भूल सकता है। अभिनेता ने प्रवासी मजदूरों की हर मुमकिन मदद की थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के संपर्क में रहते हैं और उनकी मदद करते हैं।



सलमान भी दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं। वह बीइंग ह्यूमन नाम की एक संस्था चलाते हैं, जिससे बीमारों की मदद की जाती है। इसके अलावा भी वह लोगों की मदद करने के लिए कदम उठाते रहते हैं।

### अक्षय कुमार और आलिया भट्ट

अक्षय कुमार का नाम भी इस सूची में शुमार है। अभिनेता को कई बार प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को दान देते देखा गया है। वह अपनी दरियदिली के लिए अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अपनी खूबसूरती और शानदार अभिनय के लिए सुर्खियों में रहने वाली आलिया भट्ट एक वेलफेयर प्रोग्राम से जुड़कर लोगों की मदद करती हैं। वह कई बार सलाम बॉम्बे नामक संस्थान के जरिए लोगों की मदद करती नजर आती हैं।

### सुष्मिता सेन और प्रियंका चोपड़ा

अभिनेत्री सुष्मिता सेन अपने अभिनय के साथ ही लोगों की जमकर मदद करने के लिए भी पहचानी जाती हैं। अभिनेत्री एम फाउंडेशन से जुड़ी हुई हैं और उसके जरिए लोगों की मदद करती हैं। हिंदी सिनेमा से लेकर हॉलीवुड तक अपना जादू चलाने वाली प्रियंका चोपड़ा का दिल भी बहुत बड़ा है। उनका खुद की दान संस्था है और उन्होंने यूनिसेफ के साथ जुड़कर भी काम किया है।





### शाहरुख खान और आमिर खान

सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी कोरोना के समय लोगों की मदद की थी। इसके साथ वह एक एनजीओ भी चलाते हैं, जिससे वो गरीबों की मदद करते हैं। कथित तौर पर शाहरुख ने विभिन्न सामाजिक कारणों के लिए काम करने वाली 10 से अधिक चैरिटी संस्थानों के साथ साझेदारी की है। आमिर खान को भी अक्सर दान करते देखा जाता है। वह उत्तराखंड बाढ़ पीड़ितों की मदद कर चुके हैं। इसके अलावा भी वह बहुत कुछ करते हैं।

# इस फिल्मकार के साथ काम करना चाहती हैं नोरा

***मुंबई।*** *बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही, हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने जब संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास देखी तो उन्होंने भारत में हिंदी फिल्मो में काम करने का फैसला किया।*



***देवदास देखकर आया अभिनेत्री बनने का आइडिया:*** *नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं।कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे।*

## खबर संक्षेप

### खेतों में फसल अवशेष जलाने पर लगाई रोक

**झज्जर।** जिलाधीश कैप्टन शक्ति सिंह ने जिला की राजस्व सीमा में फसल अवशेष जलाने पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण को नुकसान होता है, वहीं साथ लगते खेतों में खड़ी या एकत्रित की हुई फसल आग की चपेट में आने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि फसल अवेशष जलाने की पाबंदी जनहित में लागू की गई है। उन्होंने दा क्रिमिनल कोड आर्फ प्रोसिजर 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए यह निषेधाज्ञा तुरंत प्रभाव से 14 जून 2024 तक लागू की है।

### रणजीत कॉलोनी में घर के बाहर से गाड़ी चोरी

**बहादुरगढ़।** रणजीत कॉलोनी में मकान के बाहर से एक गाड़ी चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। शिकायतकर्ता मनीष ने कहा है कि 14 अप्रैल की रात को उसने मकान के सामने अपनी इको गाड़ी खड़ी की थी। अगली सुबह देखा तो नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे। इस शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिलाधीश ने नहरों में नहाने पर लगाई रोक

**झज्जर।** जिलाधीश कैप्टन शक्ति सिंह द्वारा जिला की राजस्व सीमा के अंदर से गुजरने वाली नहरों में नहाने पर पूरी तरह पाबंदी से लगा दी गई है। उन्होंने भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू की गई है। जारी आदेशों में कहा गया है कि गर्मी के मौसम में लोग विशेषकर युवा नहरों में नहाते हैं। इस दौरान पानी का बहाव तेज व गहरा होने के कारण डूबने की आशंका बनी रहती है। जिलाधीश ने जनहित नहरों में नहाने पर पाबंदी लगाई है। उन्होंने कहा कि अवहेलना करने वालों के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 188 के तहत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बेरी मेले में आए श्रद्धालु की मोटरसाइकिल चोरी

**झज्जर।** बेरी माता मंदिर मेले में मां भीमेश्वरी के दर्शनों के लिए पहुंचे एक श्रद्धालु की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में रोहतक जिले के मसुदपुर निवासी दीपक ने बताया कि सोमवार को भतीजे रोहित की बाइक लेकर बेरी मेले में आया था। उसने मोटरसाइकिल गोच्छी रोड पर धर्मशाला के नजदीक गली में खड़ी की थी।

## नोडल अधिकारी ने किया कन्या विद्यालय का निरीक्षण

# छात्राओं की संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया

### शैक्षणिक आकलन, पाठ्य पुस्तक, कार्य पुस्तिकाओं की जांच की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा**

डाइट बीसवां मील के सीनियर प्रधानाचार्य अनिल मलिक ने बतौर नोडल अधिकारी रोहणा गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिसका मुख्य उद्देश्य छठी से आठवीं कक्षा की छात्राओं के शैक्षणिक स्तर का निरीक्षण करना था। अध्यापकों की दैनिक डायरी, उड़ान का दौरा, शैक्षणिक आकलन, पाठ्य पुस्तक, कार्य पुस्तिकाओं की जांच की गई। इसके साथ मिड डे मील व किचन गार्डन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अध्यापकों को विद्यालय में छात्राओं की संख्या बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान 11वीं और 12वीं कक्षा की छात्राओं के साथ स्वीप कार्यक्रम कराया गया। जिसमें अनिल मलिक द्वारा छात्राओं को वर्तमान में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव संबंधी अनेक जानकारियां दी गई। उन्होंने छात्राओं को बताया कि वे किस प्रकार अपना वोट बनवा सकती हैं और वोट का सदुपयोग कैसे कर सकती हैं। छात्राओं ने नोडल अधिकारी के समक्ष मतदान के प्रति जागरूक करने वाली पेंटिंग प्रस्तुत की। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजकुमार, सोनिया, अंजू बाला, सुशील कुमार, अमित कुमार, रुचि, बबीता, कुसुम लता व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।



**खरखौदा।** छात्राओं को जानकारी देते नोडल अधिकारी अनिल मलिक। *फोटो :हरिभूमि*




**गोहाना।** मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

### वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्रों का किया सम्मान

**गोहाना।** गुढ़ा चुगी के समीप स्थित जेकेआर पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। समारोह में स्कूल के एमडी राजबीर राठी ने शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावयों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति से खूब समां बांधा। संयोजन उप प्रबंधक उत्तम राठी का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य ने की। एमडी राजबीर राठी ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# जिले में 81599 एमटी गेहूं की खरीद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत**



जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में सोमवार रात तक 81599 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया है। जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 81599 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 35549 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 33235 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी द्वारा 11633 तथा एफसीआई द्वारा की गई 1182 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केंद्र पर 520 मीट्रिक टन, दतौली खरीद केंद्र पर 1343 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज मंडी में 9825 मीट्रिक टन, गोहाना अनाज मंडी में 30492 मीट्रिक टन, कासंडी खरीद केंद्र पर 760 मीट्रिक टन, कथूरा खरीद केंद्र पर 580 मीट्रिक टन, खरखौदा अनाज मंडी में 11067 मीट्रिक टन, मुण्डलाना खरीद केंद्र पर 740 मीट्रिक टन, मुरथल खरीद केन्द्र पर 3397 मीट्रिक टन, नाहरा खरीद केंद्र पर 2590 मीट्रिक टन, पुगथला खरीद केंद्र पर 2674 मीट्रिक टन, पुरखास खरीद केंद्र पर 1491 मीट्रिक टन, रूखी खरीद केंद्र पर 2100 मीट्रिक टन, सनपेड़ा खरीद केंद्र पर 3541 मीट्रिक टन, सोनीपत साईलो पर 1182 मीट्रिक टन तथा सोनीपत अनाज मण्डी में 9297 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि 81599 मीट्रिक टन गेहूं को 4883 किसान लेकर आए हैं और गेहूं की खरीद 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की गई है।

# ज्योति नगरः एएसआई की गोली मारकर हत्या

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

यमुनापार के ज्योति नगर में मीत नगर फ्लाईओवर पर मंगलवार को एक सिरफिरे ने दिल्ली पुलिस के एएसआई दिनेश शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद उसने एक अन्य स्कूटी सवार पर फायरिंग की। ऑटो में जबरन बैठकर खुद को भी गोली से उड़ा लिया। इससे पहले उसने ऑटो ड्राइवर के ऊपर भी फायरिंग की थी लेकिन वह बाल बाल बच गया। ज्योति नगर थाने में हत्या, हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार मंगलवार दिन में 11.42 पर कुछ लोगों को गोली मारे जाने की सूचना मिली थी।

#### स्पेशल ब्रांच में तैनात थे एएसआई दिनेश शर्मा

पुलिस तुरंत मीत नगर फ्लाईओवर के ऊपर घटनास्थल पर पहुंची। स्पेशल ब्रांच में तैनात एएसआई दिनेश शर्मा को गोली मारी गई थी। हमले के वक्त वह बाइक पर सवार थे। उन्हें फौरन अचेत हालत में जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फायरिंग की दूसरी घटना मीत फ्लाईओवर से नीचे उतरकर हुई, जहां आरोपी ने स्कूटी सवार एक युवक की कमर में गोली मारी।

### स्लोगन के जरिये नशे के प्रति जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में एंटी टोबैको सैल, यूथ रेड क्रॉस व रेड रिबन सैल की स्वयंसेविकाओं ने स्लोगन लेखन के माध्यम से नशा छोड़ने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने स्लोगन लेखन में भाग ले रही छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मनुष्य का जीवन व सेहत दोनों बर्बाद कर देता है। यह न केवल नशा करने वाले व्यक्ति बल्कि उसके पूरे परिवार को तबाह करके रख देता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने छात्राओं को नशे के तस्करों से दूर रहने की सलाह दी। छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बने तथा अपने परिवार व समाज के अन्य सदस्यों को भी नशे जैसी भयानक लत से बचने की प्रेरणा दें।

### जैतपुरः टावर से छलांग लगा की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** जैतपुर इलाके में टावर से छलांग लगाकर सोमवार को एक शख्स ने खुदकुशी कर ली। मृतक का नाम लोकेश अवाना (45) पुत्र मोहर सिंह निवासी गांव मीठापुर बताया गया है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस की जांच में पता चला कि मृतक अवसादग्रस्त था। डीसीपी राजेश देव ने बताया कि सोमवार दोपहर 13.42 बजे इस संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। कॉलर ने बताया कि एक आदमी टावर पर चढ़ गया है और कूदने की कोशिश कर रहा है। पुलिस तुरंत स्कूल रोड, मीठापुर चौक पहुंची। शख्स को उतारने की कोशिश की गई लेकिन उसी बीच वह टावर से कूद गया। शख्स की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के परिजनों के बयान दर्ज किये गये। उनके अनुसार मृतक की भोजन नली में कोई बड़ी स्वास्थ्य समस्या थी। इस वजह से शख्स अवसादग्रस्त था। मृतक का पोस्टमार्टम एम्स ट्रॉमा सेंटर में किया गया। शव उसके भाई दयाराम पुत्र मोहर सिंह को सौंप दिया गया है।

# ओडिशा से दिल्ली पहुंची गांजे की खेप, तीन धरे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

क्राइम ब्रांच ने गांजा तस्करी करने वाले रैकेट के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे करीब 80 किलो गांजा जब्त हुआ है। इसकी गुणवत्ता काफी अच्छी बताई गई है। कीमत 12 लाख के आसपास आंकी गई है। गांजे की यह खेप ओडिशा से दिल्ली एनसीआर में सप्लाई किये जाने के लिये लाई गई थी। गिरफ्तार किये गये लोगों के नाम विश्वास उर्फ राज, सौरभ सिंह उर्फ सोनू और सकलेन राजा खान उर्फ रफ्तार हैं। डीसीपी सतीश कुमार के अनुसार एसीपी विवेक त्यागी की देखरेख में बनी इंस्पेक्टर संजय कौशिक की टीम को इस बारे में सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर हैदरपुर हॉस्पिटल के पास



ट्रैप लगाया गया और दो लोगों को पकड़ा। कार की तलाशी ली गई तो उसमें से प्लास्टिक के बैग मिले। उनके अंदर गांजा भरा हुआ था। इनकी निशानदेही पर तीसरे आरोपी को भी पकड़ा गया। पूछताछ से पता चला कि सकलेन राजा खान केमिस्ट्री से एमएससी कर चुका है। शॉर्टकट से पैसा कमाने के चक्कर में वह गलत लोगों के संपर्क में आया। उड़ीसा में गांजा सस्ते रेट पर खरीदकर उसे दिल्ली एनसीआर में महंगे में बेचता था।

### कांस्टेबल की हत्या करने के मामले में चार लोगों को उम्रकैद की सजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने जी बी रोड पर एक पुलिसकर्मी की हत्या किये जाने के 11 साल से भी अधिक पुराने मामले में चार लोगों को उम्रकैद की सजा सुनायी है और कहा है कि यह अपराध 'जघन्य, पैशाचिक और बर्बर' है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार खरता चार दोषियों --आशीष बहुगुणा उर्फ आशु, सूरज, मनोज और आकाश की सजा के विषय पर दलीलें सुन रहे थे। इन चारों को हत्या, हत्या की कोशिश समेत भादंसं की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, इन चारों ने 2012 में 10 और 11 सितंबर की दरम्यानी रात को बिजेंद्र पर चाकू से जानलेवा हमला किया। उन्होंने इरशाद तथा कांस्टेबल संदीप कुमार को घायल कर दिया था।

# गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया नॉर्थ ब्लॉक में लगी मामूली आग

### घटना में कोई घायल नहीं और कोई फाइल क्षतिग्रस्त नहीं

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को नॉर्थ ब्लॉक में मामूली आग लग गई। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ और कोई फाइल क्षतिग्रस्त नहीं हुई। गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। नॉर्थ ब्लॉक में गृह और कार्मिक मंत्रालय हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि आग लगने का कारण इमारत की दूसरी मंजिल पर बिजली के उपकरणों में शॉर्ट सर्किट होना प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ, सीपीडब्ल्यूडी और दिल्ली अग्निशमन सेवा के संयुक्त प्रयासों से 20 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। प्रवक्ता ने कहा कि 16 अप्रैल को सुबह लगभग 9 बजकर 15 मिनट पर नॉर्थ ब्लॉक के कमरा नंबर 209 में मामूली आग लग गई, जहां कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग का अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रभाग स्थित है। उन्होंने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। कोई भी फाइल क्षतिग्रस्त नहीं हुई है। कुछ फर्नीचर और उपकरण आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के तुरंत बाद दमकल विभाग की सात गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और सुबह 9:35 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया था। अधिकारी ने बताया कि जेरॉक्स मशीन, कुछ कंप्यूटर और कुछ दस्तावेजों में आग लग गई थी।सूत्रों ने बताया कि आग लगने के समय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इमारत में मौजूद नहीं थे, लेकिन वहां कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# आरके पुरम में साधु बनकर नौ सेना अधिकारी की पत्नी से जूलरी उतरवाई

- आरोपी नकली सांप का सहारा लेकर करते थे वारदात

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

आरकेपुरम पुलिस ने एक ज्वेलर समेत तीन लोगों को अरेस्ट किया है। इनके पास से एक सोने की अंगूठी, ऑटो रिक्शा, एक नकली सांप, साधु की पौशाक, एक लौटा और बैग बरामद हुआ है। आरोपियों के नाम देबू नाथ, विनोद कामत और राजेन्द्र शर्मा है। तीनों शकूर बस्ती और निहाल विहार एरिया के रहने वाले हैं। गत दिनों एक नौ सेना अधिकारी की पत्नी को सांप का डर दिखाकर जूलरी उतरवाने के केस में यह गिरफ्तारी की गई है। डीसीपी रोहित मीना के अनुसार पांच अप्रैल को सुबह लगभग साढ़े 10 बजे अफ्रीका एवेन्यू रोड रेड लाइट पर साधु के भेष में कुछ व्यक्तियों द्वारा नौसेना अधिकारी की पत्नी की जूलरी उतरवाई थी। साधू के भेष में कुछ लोगों ने पहले अधिकारी की पत्नी को सांप का डर दिखाकर जूलरी उतरवाई और फिर चकमा देकर फरार हो गये थे। शिकायत पर आरकेपुरम थाने में केस दर्ज किया गया था। स्थानीय थानाध्यक्ष रविन्द्र त्यागी के नेतृत्व में जांच टीम ने पाया कि बदमाश रिंग रोड के रास्ते ऑटो रिक्शा से भागे थे। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने ऑटो के नंबर को ट्रेस किया। वह किराड़ी सुलेमान नगर निवासी सुनीता देवी के नाम पर पंजीकृत मिला। महिला ने बताया कि ऑटो उसने विनोद कामत को किराए पर दे रखा है। इसके बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई। आरोपी देबू नाथ काना सपेरा जनजाति से संबंध रखता है। वह अपने साथियों के साथ रेड लाइट और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सांप दिखाकर लोगों के साथ ठगी करता था। विनोद कामत पेशे से ऑटो चालक है। इसी महीने वह गैंग का हिस्सा बना था। वहीं राजेन्द्र शर्मा केवल चांदी के आभूषणों का कारोबार करता है।

### आईपीएल पर लगाया जा रहा था सट्टा, तीन बुकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आईपीएल क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगाने वाले तीन बुकीज पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। इनके नाम कोटला मुबारकपुर निवासी गौरव लहरा, संदीप और छतरपुर एंक्लेव निवासी दिपेश नेगी बताये गये। इनके पास से एक लैपटॉप, छह मोबाइल फोन, एक वायरलेस बेल और साढ़े 27 हजार रुपए कैश बरामद हुये। पूछताछ में पता चला कि इस सीजन में 42 लाख का सट्टा लगा चुके थे। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार 14 अप्रैल को स्पेशल स्टाफ ने उदयचंद मार्ग स्थित एक घर पर रेड कर तीन लोगों को पकड़ा। तीनों आईपीएल क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगा रहे थे। पुलिस की जांच में पता चला कि गौरव लहरा इस रैकेट का सरगना है।

# गाड़ियां चुराने व बेचने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



दिल्ली पुलिस ने महंगी कारें चुराने और बेचने के आरोप में बिहार से 37 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी दिल्ली) अपूर्वा गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि आरोपी की पहचान लवली सिंह के रूप में हुई है, जो बिहार के पाटिलपुत्र की रहने वाली है।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष उसके पति गोविंद की गिरफ्तारी के बाद एक अभियान शुरू किया गया था, और तीन अप्रैल को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ में गोविंद ने खुलासा किया था कि उसकी पत्नी लवली ने दिल्ली से कई लग्जरी गाड़ियां चुराई थीं और उन्हें बिहार व झारखंड में बेचा था। उन्होंने बताया कि लवली को गिरफ्तार करने के लिए कई टीमें बनाई गयी थीं लेकिन बार बार ठिकाना बदलने की वजह से वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर थी।

#### जानी-मानी सोसायटियों में भी रहती थी

अपूर्वा ने बताया कि लवली जानी-मानी सोसायटियों में भी रहती थी ताकि उस पर किसी को शक न हो। अधिकारी ने बताया कि लवली के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था और अदालत ने उसे 20 दिसंबर 2023 को भगोड़ा अपराधी घोषित किया था। तीन अप्रैल को लवली को पाटिलपुत्र इलाके से गिरफ्तार किया गया और उसे हिरासत में ले लिया गया। डीसीपी के अनुसार, पूछताछ के दौरान लवली ने पुलिस को बताया कि स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद, उसने एक बीमा कंपनी में काम किया, जहां उसकी मुलाकात चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त करने वालों से हुई। उन्होंने कहा कि वह और उसका पति गोविंद चोरी के वाहनों की खरीदी बिक्री करने लगे। उसने बताया कि उसे 2021 में वाहन चोरी और डकैती से जुड़े एक मामले में झारखंड के रांची में गिरफ्तार किया गया था। उसने गाड़ियां चुराने वालों से और ऐसे वाहनों की खरीदी बिक्री करने वाले दूसरे लोगों से भी संपर्क स्थापित किया।

#### नौ एसयूवी जब्त की

डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने टोयोटा फॉर्च्यूनर व हुंडई अल्काजार सहित नौ एसयूवी जब्त की हैं। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## अधिक आवेदन आने वाले स्कूलों में 18 को होगा ड्रा

# आरटीई के तहत आवेदन प्रक्रिया संपन्न

- सभी निजी स्कूलों को गूगल फॉर्म पर देना होगा आवेदनों व सीटों का ब्योरा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत**

आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए शुरू किए बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम यानि आरटीई के तहत आवेदन प्रक्रिया संपन्न हो गई है। जहां पर निर्धारित सीटों से अधिक संख्या में आवेदन पहुंचा हैं, वहां के लिये 18 अप्रैल को ड्रा निकाला जाएगा। ड्रा के आधार पर ही सीट अलॉट की जाएगी। शिक्षा अधिकारियों ने सभी निजी स्कूलों से गूगल फार्म पर प्राप्त आवेदनों व निर्धारित सीटों का ब्योरा मांगा है। जिससे आरटीई के तहत होने वाले दाखिलों की स्थिति स्पष्ट की जा सके। बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को दाखिला देना अनिवार्य है। प्रत्येक स्कूल में 25 फीसदी सीटें आरक्षित की गई है। दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होता है। जिसके लिए एक से 15 अप्रैल तक आवेदन प्रक्रिया चली। आवेदन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अब 18 अप्रैल को प्राप्त आवेदनों में से ड्रॉ निकाला जाएगा। जिसके आधार पर चयनित छात्रों को 22 अप्रैल तक सीट अलॉट करनी होंगी। इसके बाद भी किसी स्कूल में सीटें रिक्त रह जाती हैं तो प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों का दाखिला किया जाएगा।



#### देना होगा सीटों का ब्योरा

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दाखिले के लिए चल रही आवेदन प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। अब 18 को ड्रॉ निकाला जाएगा। उससे पहले सभी स्कूलों को आरटीई के तहत प्राप्त आवेदनों व निर्धारित सीट का ब्योरा संबंधित बीईओ के पास जमा करवाना होगा। *नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*

#### जल्द दे रिकॉर्ड, नहीं होगी कार्रवाई

शिक्षा अधिकारियों ने कहा कि सभी निजी स्कूलों से आरटीई के तहत दाखिले के लिए प्राप्त आवेदनों की सूची मांगी है। जिसे निजी विद्यालयों को गूगल फार्म में भरकर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ड्रॉ से पूर्व जमा करवाना होगा। निदेशों की अवहेलना करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### राजा गार्डन-पंजाबी बाग मार्ग के लिए जारी किया यातायात परामर्श

**नई दिल्ली।** दिल्ली में राजा गार्डन से पंजाबी बाग मार्ग पर दोनों तरफ की सड़कों पर पर एक भूमिगत मार्ग के निर्माण कार्य के कारण एक सप्ताह तक यातायात जाम की समस्या रहने की आशंका है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यातायात पुलिस ने जाम की आशंका के मद्देनजर लोगों को तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी है। दिल्ली की यातायात पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ईएसआई राजा गार्डन, रिंग रोड पर अंडरपास के निर्माण कार्य और बिजली केबल बिछाने के कारण, कम से कम एक सप्ताह तक राजा गार्डन से पंजाबी बाग चौराहे की ओर तथा इसके विपरीत दोनों कैरिजवे पर यातायात जाम की समस्या बनी रहने की आशंका है।

# जेएनयू छात्रों ने किया कक्षाओं का बहिष्कार

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

जवाहरलाल नेहरू विवि (जेएनयू) के कई विद्यार्थियों ने यौन उत्पीड़न की शिकायत पर कार्रवाई नहीं करने समेत अन्य मांगों की उपेक्षा को लेकर प्रशासन के खिलाफ मंगलवार को हड़ताल में शिरकत की। हड़ताल के बीच सामाजिक विज्ञान, भौतिक विज्ञान, अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान, कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान तथा कंप्यूटर विज्ञान समेत विभिन्न विभागों की कक्षाएं बाधित रहीं। हड़ताल का आह्वान जेएनयू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने किया था जिसने यौन उत्पीड़न की घटना की जल्दी जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जेएनयू की एक छात्रा ने 31 मार्च को प्रशासन को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि विवि के दो पूर्व छात्रों समेत चार लोगों ने उस पर उस वक्त आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं जब वह जेएनयू रिंग रोड पर टहल रही थी। छात्र संघ ने पीड़िता को कथित रूप से धमकाने के प्रयासों के मद्देनजर उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाने की भी विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की थी। छात्र संघ ने शनिवार को कहा था कि अगर कुलपति 15 अप्रैल तक विद्यार्थियों की चिंता का निदान करने में नाकाम रहती हैं।

## खबर संक्षेप



### एमएसएम आयुर्वेद संस्थान में हुआ हवन

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के एमएसएम आयुर्वेद संस्थान में मंगलवार को हवन यज्ञ करवाया गया। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने हवन यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में आहुति डाली। कुलसचिव डा. नीलम मलिक ने भी आहुति डाली। गुरुकुल झज्जर से आचार्य विजयपाल ने पूरे वैदिक विधि विधान से यज्ञ संपन्न कराया। उन्होंने यज्ञ की महिमा और वैदिक संस्कृति से अवगत कराया।

यज्ञ उपरांत कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि विश्वविद्यालय भगत फूल सिंह के आदर्शों पर चलते हुए आगे बढ़ रहा है।

### चाकू की नोक पर मोबाइल व नकदी लूटी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव बारोटा के पास फोर-व्हीलर चालक को रोकने के बाद गर्दन पर चाकू अड़ाकर बाइक सवार दो बदमाशों ने 35 हजार रुपये व मोबाइल लूटने की वारदात को अंजाम दिया है। वारदात को अंजाम देकर बदमाश भाग निकले। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।



### मां के नौ रूपों की स्तुति कर मनाई रामनवमी

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर में मां के नौ रूपों की स्तुति करते हुए रामनवमी मनाई गई। नव दुर्गा के रूप में शिशु वाटिका से परी और अवनि मां शैलपुत्री, गरिमा, तनाया, माही ब्रह्मचारिणी, तृप्ति, आशवी चंद्रघंटा, काव्या, वंशिका, कुष्मांडा, यक्षिता, प्रेरणा स्कंदमाता, वेदांशी, अपूर्वा, कात्यायनी, अनिका, गीतिका काल रात्रि, अनाया, अतुल्य महागौरी, अनुश्री, राशि सिद्धिदात्री बनीं। अध्यक्षता प्रिंसिपल अश्विनी कुमार ने की।

## सुरक्षित स्कूली वाहन नीति: स्कूल बस हादसे के बाद प्रशासन ने बढ़ाई सख्ती

# नियमों की अवहेलना मिलने पर दो स्कूल वाहनों के काटे चालान

### निजी स्कूल संचालकों का दावा मंत्री की ओर से मिला है 10 दिन का समय, विभाग का कहना नहीं मिले कोई ऑर्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बैठक में उपस्थित निजी स्कूल संचालक। फोटो : हरिभूमि

सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जिला प्रशासन ने मंगलवार को भी विशेष जांच अभियान चलाया। इसके तहत निजी स्कूलों के 12 वाहनों की जांच की गई। जिसमें से 2 वाहनों के चालान किए गए हैं। वहीं दूसरी ओर निजी स्कूल संचालकों ने मंगलवार को बैठक कर नियमों की अनुपालना के लिये परिवहन मंत्री से 10 दिन मिलने का दावा किया है, जबकि इस विषय में परिवहन अधिकारियों का कहना है कि अभी तक विभागीय स्तर पर कोई निर्देश नहीं मिले हैं। इसी तरह निजी वैन एवं अन्य वाहनों के जरिये स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले चालकों की संख्या भी अन्य दिनों की अपेक्षा कम ही नजर आई।

बता दें कि महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए दर्दनाक हादसे के बाद से सरकार व जिला प्रशासन ने निजी स्कूलों में विद्यार्थियों को लाने-ले जाने वाले वाहनों को लेकर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। हर तरह के नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिये ही रोजाना जांच अभियान चलाया जा रहा है। निजी स्कूल संचालकों से इस संदर्भ में शपथ पत्र भी मांगें गए थे, जिसमें से अधिकतर स्कूल शपथ पत्र जमा भी करवा चुके हैं। स्कूली वाहनों को लेकर लगातार हो रही कार्रवाई के चलते अब तक कुल 150 के करीब स्कूली वाहनों की जांच की जा चुकी है।

### सड़क सुरक्षा नियमों का करें पालन

सड़क सुरक्षा नियमों की पालना को सुनिश्चित करने व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य को लेकर जिला में विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षित स्कूल वाहन नीति, मोटर व्हीकल एक्ट और अन्य संबंधित नियमों की चेकिंग टीम द्वारा 12 वाहनों की चेकिंग की गई, जिसमें अवहेलना के आरोपों में कुल 02 स्कूल वाहनों के चालान किए गए हैं। इन 02 वाहनों में से एक वाहन में फस्टेड किट न होने और दूसरे वाहन में ड्राइवर का वर्दी न होने पर चालान किया गया। जिला में संचालित सभी प्राइवेट स्कूलों के वाहनों की शत-प्रतिशत चेकिंग होगी।

**डॉ. मनोज कुमार,** उपायुक्त, सोनीपत

### मिनट का मौन रखने के बाद, रखी समस्याएं

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त विद्यालय संघ सोनीपत के सभी निजी स्कूल संचालकों की एक बैठक मुरथल रोड स्थित एक निजी स्कूल में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान एवं शिव मॉडर्न वरिष्ठ माध्मिक विद्यालय के संचालक अजमेर सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा यूनाइटेड स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश प्रधान विजेंद्र मान उपस्थित हुए। बैठक में सबसे पहले महेंद्रगढ़ (कनीना) स्कूल में हुई दुर्घटना पर सभी ने दुःख व्यक्त किया और 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। बैठक में निजी स्कूलों में बसों और अन्य वाहनों को मापदंडों के पालना के लिये 10 दिन दिए जाने की बात बताई गई। बैठक में एसोशिएशन के प्रदेश प्रधान विजेंद्र मान ने विभिन्न मुद्दों पर गम्भीरता से चर्चा की। इसके बाद सभी स्कूल संचालको को अपनी बसों की कमी है तो उसको पूरा करने तथा सुरक्षा का ध्यान रखने पर जोर दिया गया। विजेंद्र मान ने कहा हमें अपनी कमियों को सुधारते हुए विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण देना है। ड्राइवरों एवं सहायकों को समय - समय पर प्रोत्साहित करना है जिससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर वे जागरूक रहे। मीटिंग में राई ब्लाक के प्रधान जगबीर शर्मा, खरखौदा ब्लाक के प्रधान सत्यदेव शर्मा, गन्नौर ब्लाक के प्रधान सुशील त्यागी, गोहाना से राजेश सहरावत, एस-7 स्कूल के संचालक दीपक शर्मा, ऋषिकुल वर्ल्ड अकेडमी के संचालक नीरज शर्मा, ऋषिकुल विद्यापीठ के संचालक धीरज शर्मा, लिटिल एंजल स्कूल से विवेक, डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य वीके मित्तल, विवेकान्द स्कूल के संचालक आदित्य रोहिला आदि मौजूद रहे।

### 10 दिन का समय दिया गया : प्रधान

*हरियाणा संयुक्त विद्यालय संघ सोनीपत के प्रधान अजमेर सिंह ने कहा कि सरकार के नियमों की पालना की जाए और अधिकारियों द्वारा अनावश्यक परेशान किए जाने पर सरकार द्वारा उच्च कदम उठाए जाए। उन्होंने सभी को एकजुट होकर सुरक्षित रहे एवं सुरक्षित करें के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। इस दौरान प्रधान विजेंद्र मान ने सभी उपस्थित स्कूल संचालकों को सांसद (राज्यसभा) कृष्ण लाल पंवार के साथ हुई चर्चा के बारे में जानकारी दी। कृष्ण लाल पंवार ने परिवहन मंत्री असीम गोयल से मोबाइल पर बातचीत की तथा स्कूल बसों के लिए सभी मानदंडों के अनुपालन के लिए स्कूलों को 10 दिन का समय दिया जाना सुनिश्चित किया और किसी भी तरह के फालतू चालान जारी न करने का आश्वासन लिया। साथ में स्कूल समुदाय के प्रति किसी भी आधिकारिक प्रशासन द्वारा किसी भी अन्यायपूर्ण व्यवहार के खिलाफ भी आश्वासन दिया गया। बैठक सुरक्षा मानकों को बनाए रखने और छात्रों के लिए एक सुरक्षित सीखने का माहौल प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुई।*



सोनीपत। विजेता विद्यार्थी रिया के साथ प्राचार्य एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

## रिया ने भाषण में प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

नेहरू युवा केंद्र संगठन के तत्वाधान में कुरुक्षेत्र में दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें 'अमृत काल के पंच प्रण' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सीआरए कॉलेज की एमएससी मैथ की छात्रा रिया ने भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और 15000 रुपए की एक मुश्त धनराशि जीती। जिसका कॉलेज में लोटने पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह ने छात्रा को जीत की बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर गणित विभाग से डॉ. प्रोमिला कुमारी, प्रो. रिंकू व डॉ. आरिश रागीं उपस्थित रहे।

## जिला कारागार में मिला फोन, पुलिस से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत-गोहाना सड़क मार्ग पर स्थित जिला कारागार में तलाशी अभियान के दौरान मोबाइल फोन बरामद किया है। कारागार प्रबंधन ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कारागार प्रबंधन की तरफ से कोर्ट कांप्लेक्स चौकी पुलिस को शिकायत देकर बताया कि गत 15 अप्रैल को दोपहर एक बजे स्पेशल तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान उप अधीक्षक, उप अधीक्षक सुरक्षा व वार्डर महावीर, राजेश सुदेश व सुग्रीव ने मिलकर सुरक्षा वार्ड एसी ब्लॉक में तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान वार्ड सी ब्लॉक की चक्की नंबर-13 के ऊपर वाले जंगले में छिपाया पेपर व पॉलीथिन में लिपटा हुआ एक मोबाइल फोन बरामद हुआ।

## सड़क हादसों में डिलीवरी ब्वाय सहित दो लोगों की गई जान

- हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजन निजी अस्पताल में सत्यवान की हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम
- सड़क हादसे में बुझा घर का इकलौता चिराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

क्षेत्र में दो जगह सड़क हादसे हुए, जिनमें डिलीवरी ब्वाय समेत दो लोगों की मौत हो गई। एक हादसा रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित गोहाना के बाईपास पर हुआ, जिसमें डिलीवरी ब्वाय की मौत हुई। दूसरा हादसा गोहाना-जींद मार्ग स्थित गांव बुटाना के निकट हुआ जिसमें गांव गंगाना के एक ग्रामीण की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। अलग-अलग थानों में मामले दर्ज किए गए।

गांव गंगाना के संदीप ने पुलिस को बताया कि उसके पिता सत्यवान गांव में पड़ोसी सुखबीर के साथ बाइक पर किसी काम से गोहाना आए थे। काम पूरा होने के बाद दोनों गोहाना से गांव आ रहे थे। जब वे गोहाना-जींद रोड स्थित गांव बुटाना में ढाबा के पास पहुंचे तो सामने से तेज रफ्तार में आई क्रेटा ने बाइक को टक्कर मार दी। उसके पिता और सुखबीर गंभीर रूप से घायल हो गए। वह और उसके स्वजन मौके पर पहुंच गए और दोनों को नागरिक अस्पताल गोहाना लेकर गए। रोहतक के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां पर सत्यवान की मौत हो गई। गांव पूठी के मनेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसके भाई भूपेंद्र के दो बच्चे हैं। बड़ी लडकी और छोटा लडका शुभम (18) था। शुभम गोहाना में पिज्जा डिलीवरी का कार्य करता था। सोमवार देर रात को शुभम बाइक पर गोहाना से गांव आ रहा था। जब वह रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित गोहाना के बाईपास के पास पहुंचा तो रोड पार करते समय अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। शुभम बाइक समेत रोड पर गिर गया था और अज्ञात वाहन उसके ऊपर से गुजर गया। शुभम की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### मारपीट व धमकी देने का लगाया आरोप

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र में मामूली कहासुनी की रंजिश के चलते रास्ता रोककर मारपीट करने व धमकी देने के आरोप व बीच-बचाव करने आई युवक की रिश्तेदार से अभद्रता करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आरके कॉलोनी निवासी राजेंद्र ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। कुछ दिन पहले उसकी रोहन उर्फ गोगली से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। गत 15 अप्रैल को को किसी काम से अपनी रिश्तेदार के घर जा रहा था। रास्ते में रोककर मारपीट की।

## आत्मनिर्भर भारत मुहिम में अपना योगदान दे सकते हैं विद्यार्थी : खत्री

- वोकेशनल कोर्सों में छात्रों के दाखिले व रुचि को बढ़ाने के लिये बैयापुर लहराड़ा राजकीय विद्यालय में हुई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। चौपाल में उपस्थित ग्रामीण एवं विद्यालय स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

ग्राम पंचायत बैयापुर लहराड़ा तथा स्वतंत्रता सेनानी चंदन सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बैयापुर लहराड़ा द्वारा संयुक्त रूप से एनएसक्यूएफ द्वारा विद्यालय में चल रहे ब्यूटी एंड वैलनेस व ऑटोमोबाइल के वोकेशनल कोर्सों में छात्रों के दाखिले व रुचि को बढ़ाने हेतु संयुक्त रूप से एक चौपाल का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या संतोष खत्री द्वारा विद्यालय में चल रहे कोर्सों के विषय में पूर्ण जानकारी दी गई तथा बताया कि इन कोर्सों में शिक्षा ग्रहण करने पश्चात विद्यार्थी अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं तथा आत्मनिर्भर भारत मुहिम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। वोकेशनल कोर्सों में बढ़-चढ़कर दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय का शिक्षण स्टाफ धर्मेंद्र, विकास, राजेश, पूनम, कुंती, पूजा, कविता, ज्योति, अनुरीता व ग्राम पंचायत के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति लापता

हरिभूमि न्यूज . खरखौदा

रोहणा गांव का एक व्यक्ति अपने घर से दुकान के लिए गया था, लेकिन वह घर नहीं लौटा। गुमशुदा की पत्नी गीता ने पुलिस में शिकायत देकर मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया है कि उसके पति वीरेंद्र ने गांव के बाहर सांपला मार्ग पर शराब के ठेके के पास एक कन्फेक्शनरी की दुकान खोल रखी है। 13 अप्रैल को उसका पति घर से दुकान पर जाने की कह कर गया था। लेकिन घर नहीं लौटा। उसने और उसके परिजनों ने उसकी काफी तलाश की है। लेकिन उसके बारे में कहीं कोई सुराग नहीं लग पाया है। उसे शक है कि किसी ने उसके पति को कहीं छुपा कर रखा हुआ है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## संदिग्ध अवस्था में लगी गोली आरोपित किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-गांव लाठ में डेढ़ साल के मासूम को संदिग्ध अवस्था में गोली लगने का मामले में सीआईए पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लाठ निवासी अजय हैं।आरोपी पिता को न्यायालय में पेश करने न्यायालय आदेश अनुसार चार दिन के पुलिस रिमांड पर ले लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 12 अप्रैल की रात को गांव लाठ में अजय की उनके पिता जोरा सिंह के साथ कहासुनी हो गई और अजय ने अपने पिता पर गोली चला दी। अजय की पत्नी हिमांशी ने बीच-बचाव किया तो गोली बेटे अयांश के बाजू में लग गई। गोली लगने के बाद अजय हथियार लेकर भाग गया। वहीं हिमांशी व सुसर घायल का अवस्था में अयांश को खानपुर कलां के मेडिकल कॉलेज में ले गए। जहां पर घायल का इलाज कराया गया। सूचना के बाद सदर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पड़े खून के नमूने लिए और पिता अजय के खिलाफ हत्या की कोशिश व अवैध शस्त्र अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नवविवाहिता ने फंदा लगाकर जान दी

**गोहाना।** गांव गामड़ी में नवविवाहिता ने फंदा लगाकर जान दे दी। शादी के कुछ दिन वह गर्भवती हो गई थी, जिस पर ससुराल वाले उस पर शक करते थे। उसे दहेज की मांग को लेकर भी प्रताड़ित किया जाता था। मृतका के पिता की शिकायत पर उसकी बेटी के पति समेत पांच के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया।

गांव खेड़ी गुर्जर के मुकेश कुमार ने सदर थाना गोहाना की पुलिस को बताया कि उसने अपनी बड़ी बेटी कार्तिका की शादी 18 फरवरी 2024 को गांव गामड़ी के सुमित के साथ की थी। शादी के बाद उसकी बेटी गर्भवती हो गई। उसके बाद पति सुमित, सास, देवर व अन्य स्वजन उसकी बेटी को ताने देने लगे कि यह बच्चा हमारा नहीं है। संदेह के चलते उसकी बेटी का दो बार अल्ट्रासाउंड करवाया गया।

## राजकीय महाविद्यालय में की पेयजल व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। पेयजल परियोजना का उद्घाटन करते हुए पूनम बगही।

अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में डॉ. नरेश कपूर के सौजन्य से पूनम बगही की देखरेख में चार लाख की लागत से राजकीय महाविद्यालय पिपली में पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। ज्ञात रहे कि महाविद्यालय और इसके आसपास के क्षेत्र में खारा पानी है। इस वजह से महाविद्यालय में मीठे पीने के पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य सभी इस बुनियादी आवश्यकता की कमी की वजह से परेशान थे। इसके लिए महाविद्यालय द्वारा कई बार अधिकारियों से भी आग्रह किया गया, लेकिन इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकल पा रहा था। मंगलवार को इस जल परियोजना का उद्घाटन किया गया तथा यह परियोजना शुरू करने के लिए महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या किरण सरोहा तथा सभी स्टाफ सदस्यों ने डॉ नरेश कपूर व पूनम बगही का आभार व्यक्त किया और उन्हें सम्मानित किया। इस विशेष और सराहनीय प्रयास के पीछे रोहित बगही, देवेंद्र मान, महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ संगीता मान का भी विशेष योगदान रहा, जिन्होंने महाविद्यालय की इस जरूरत को समझा और इसके लिए यह व्यवस्था उपलब्ध कराने की पहल की।

### लोकसभा चुनाव को ध्यन में रखते कैडेट्स को दिए सुरक्षा के टिप्स

## ग्रुप कमांडर ने किया बटालियन का निरीक्षण

- कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद कुमार ने ग्रुप कमांडर का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। वार्षिक निरीक्षण पर पहुंचें गुरप कमांडर के साथ बटलियन के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

एनसीसी अंबाला ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर विकास राय शांडिल्य ने मंगलवार को 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी सोनीपत का वार्षिक निरीक्षण किया गया। कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद कुमार द्वारा ग्रुप कमांडर का स्वागत किया गया तथा एनसीसी सीनियर डिवीजन के कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान सबसे पहले सभी एनसीसी अधिकारियों से परिचय लेते हुए उनसे संबंधित स्कूल- कॉलेज में एनसीसी ट्रेनिंग के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बटालियन के पीआई स्टाफ से परिचय लेते हुए उनको ट्रेनिंग संबंधित विशेष हिदायतें जारी की। ग्रुप कमांडर द्वारा बटालियन के ऑफिस एरिया के साथ-साथ एनसीसी स्टोर का भी निरीक्षण किया गया। पीआई स्टाफ के मेस तथा अंबाला ग्रुप हेड क्वार्टर की सोनीपत स्थित कैंटीन का भी निरीक्षण किया गया। वहां पर उपस्थित सेना के जवानों को हिदायतें दी गई की कैंटीन का सामान जारी करते समय सेवानिवृत्त सेना के बुजर्ग अधिकारियों, जवानों तथा उनके आश्रितों का विशेष ध्यान रखा जाए तथा उनको किसी प्रकार की असुविधा न हो। लोकसभा आम चुनाव-2024 को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा की कैडेट्स भारतीय लोकतंत्र के स्तंभ को मजबूत बनाने के लिए अपना अहम योगदान दे सकते हैं। इस दौरान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के एनसीसी अधिकारी मेजर संजय श्योराण, हिन्दू कॉलेज सोनीपत से लेफ्टिनेंट विशाल दहिया, एस आर एम यूनिवर्सिटी सोनीपत से लेफ्टिनेंट साक्षी, मॉडल संस्कृति स्कूल मॉडल टाउन सोनीपत से थर्ड ऑफिसर कमलेश के साथ-साथ, 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी सोनीपत से सूबेदार मेजर सुरेश कुमार, सूबेदार रणबीर दहिया, नायब सूबेदार राजेश कुमार, हवलदार राम रतन, हवलदार संदीप श्योराण, हवलदार राजकुमार, हवलदार रजनीश, हवलदार विकास, हवलदार टेकराम सहित बटालियन का समस्त पीआई स्टाफ तथा कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।